

# दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिन्हित करें

## संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में लंबित कार्यों पर नाराजगी जताई, विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं होगी

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. सागर संभाग के आयुक्त अनिल सुचारी ने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई और सेतु निगम सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक ली. बैठक का मुख्य उद्देश्य संभाग में चल रहे भवन निर्माण, ब्रिज और सड़क कार्यों की प्रगति का जायजा लेना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा.**



संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने निर्देश दिए कि ब्लैक स्पॉट पर तत्काल कार्रवाई करें. उन्होंने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि संभाग में सभी ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) चिह्नित किए जाएं और वहां सुधारात्मक कदम उठाए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके. यहां स्पीड ब्रेकर, मिरर, साइनेज आदि का उचित प्रयोग करें. श्री सुचारी ने पुराने लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. संभाग आयुक्त ने अधिकारियों से उन प्रकरणों की सूची मांगी है जो जमीन आवंटन न होने के कारण रुके हुए हैं, ताकि प्रशासन स्तर पर उनका निराकरण किया जा सके. उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के साथ-साथ रेस्टोरेशन का कार्य भी समानांतर चलना चाहिए. सड़क खोदने के बाद उसे उसी हाल में न छोड़ा जाए.

> उन्होने कहा कि जनता की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए आयुक्त ने कहा कि सड़कों के गड्ढे तुरंत भरे जाएं ताकि आवागमन सुगम हो और लोगों को राहत मिले. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. निर्माण एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्माण के कारण आम जनता को असुविधा न हो. बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राजेश शुक्ला सहित लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग,सेतु निगम, भवन विकास निगम और म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास निगम के अधिकारी उपस्थित रहे.



### अवैध उत्खनन करते डंपर व ट्रॉली जब्त

**सागर.** खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुरुम से भरे एक डम्पर एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, यह कार्रवाई नरयावली क्षेत्र में की गई. जप्त किए गए दोनों वाहनों को थाना नरयावली परिसर में खड़ा कराया गया है. खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि पकड़े गए वाहनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा प्रकरण तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे. उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी.

# शिक्षा के प्रकाश से खुलता है विकास का मार्ग

## 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह में मंत्री ने कहा

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 9 फरवरी. जहां शिक्षा का प्रकाश फैलता है वहां से विकास का मार्ग निकलता है, सांदीपनि विद्यालय विद्यार्थियों के सपने को पूरा करने का केंद्र बनेगा राहतगढ़ का चहुमुखी विकास होगा. यह बात खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 100 करोड़ रुपए से अधिक कार्यों की भूमिपूजन एवं लोकार्पण एवं सांदीपनि विद्यालय लोकार्पण पर कही.**

उन्होंने कहा कि शिक्षा का विकास जहां से फैलता है वहां विकास आगे बढ़ता है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हम जब पढ़ाई करते थे तो उस समय चॉक और डस्टर से पढ़ाई होती थी और टेबल कुर्सी जगह टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ना पड़ता था, अब इनकी जगह स्मार्ट



क्लास ने ले ली है, जिसके माध्यम से पढ़ाई करना बेहद सरल और रोचक हो गया. उन्होंने कहा कि सुरखी की विधानसभा क्षेत्र के सभी मिडिल एवं हाई स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाई जाएगी.

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मडिया डैम के माध्यम से सिंचाई भी सिचित होगी और शुद्ध पेयजल भी मिलेगा. मंत्री श्री राजपूत ने 100 करोड़ से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जिसमें प्राथमिक शाला निवोदिया का उन्नयन माध्यमिक शाला में किया गया, हाईस्कूल बटयावदा भवन के लिए 21 लाख, परासरीकलां के लिए 39 लाख, राहतगढ़ के लिए 1 करोड़ 28 लाख, मसुरहाई के लिए 1.10 लाख, झिला के लिए 55 लाख, पीपरा के लिए 35 लाख एवं मीरखेड़ा शाला भवन बनेगा.

### एक नजर में




#### कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्र

**सागर.** बीटीआईआरटी में रिक्रूटमेंट ड्राइव इंदौर की आईटी कंपनी साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएस) ने कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया. इसमें बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की पदों के लिए चयन प्रक्रिया की. संस्था के अध्यक्ष संतोष जैन, सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन,रजिस्ट्रार डॉ.तरुण कुमार सिंह और प्राचार्य वीरेश फुसकेले ने छात्रों को शुभकामनाएं दी. संस्था के प्लेसमेंट एडवाइजर डॉ. सचिन चौधरी और शेख शाहिद भी उपस्थित रहे.



#### डुंगासरा में जन चेतना शिविर आयोजित

**सागर.** ग्राम डुंगासरा में थाना सानोधा पुलिस एवं पुलिस प्रशिक्षण शाला के तत्वावधान में जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणजनों को कानूनी जागरूकता, सामाजिक समरसता, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर अपराधों से बचाव तथा पुलिस-जन सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा. थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर, पीटीएस से अफरोज खान, महिला इंस्पेक्टर रुपाली पांडे, ज्ञानेन्द्र शुक्ला ने ग्रामीणजनों से संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. इस अवसर पर आकाश चौरसिया, सरपंच प्रतिनिधि शिवराज यादव मौजूद थे.



#### परकोटा पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

**सागर.** परकोटा बस्ती का हिंदू सम्मेलन गुप्तेश्वर मंदिर के पास परकोटा वार्ड में संपन्न हुआ. संयोजक मधुसूदन गुरु ने बताया कि धर्माचार्य पं. भगवत कृष्ण शास्त्री ने सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और धर्मग्रंथों पर अपना उद्बोधन समाज के समक्ष रखा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता संयोजक, मध्यक्षेत्र सुनीलदेव ने संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला. इस दौरान श्रीमती विजया मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, बाबुराम सेवक यादव, सचिन ठाकुर, आकाश मौजूद थे.



#### सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित

**सागर.** नगर निगम के सफाई मित्रों एवं उनके परिवारजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई. एनयूएलएम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन ने बताया कि कुल 75 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए.

#### 11 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आज से

**बंडा.** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं एवं कक्षा 10वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 14 फरवरी से प्रारम्भ होंगी. बंडा विकासखंड में कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर 10 वीं एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारियां विभाग स्तर पर पूर्ण कर ली गई हैं.

# 142 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 12वीं की परीक्षा का महाकुंभ मंगलवार से शुरू हो रहा है, जिसमें जिले में 142 परीक्षा केंद्रों पर 55000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे.**

डीईओ अरविंद जैन ने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि, केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है एवं सभी विकास खंडों में उड़न दस्तों का गठन किया गया है. उन्होंने बताया कि संपूर्ण परीक्षा के लिए जिपं सीईओ विवेक केवी को नोडल अधिकारी बनाया गया है. उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में संबंधित पुलिस थाना से खुले अभिरक्षा में प्रश्न पत्रों का आहरण किया जाएगा एवं परीक्षा केंद्र तक ले जाया जाएगा. उन्होंने बताया कि निर्देशों एवं आरक्षण का पालन करते हुए संपूर्ण परीक्षा संपन्न कराई जाएगी. कक्षा 12वीं के प्रथम प्रश्न पत्र में 58880 परीक्षार्थी 142 परीक्षा केंद्रों पर अपनी परीक्षा देंगे.

# निजी स्कूल में छात्र की पिटाई में शिक्षक दोषी

नवभारत न्यूज

**रहली 9 फरवरी. पटना बुजुर्ग स्थित क्राइस्ट कॉन्वेंट निजी स्कूल में एक छात्र के साथ हुई निर्मम मारपीट के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच हेतु स्थानीय कर्मचारियों कि तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर जाँच के निर्देश दिए थे.**

बीईओ स्वाति दुबे ने तीन सदस्यी जांच दल में पटना बुजुर्ग संकुल प्राचार्य अर्चना वर्मा, कन्या संकुल प्राचार्य विजय कुमार पचौरी एवं लिपिक शिवशंकर रैकवार को शामिल कर स्कूल भेजा. जाँच दल जांच के दौरान बच्चों से अलग-अलग पूछताछ की अनेक विद्यार्थियों ने घटना का स्पष्ट विवरण बताते हुए कथित शिक्षक द्वारा मारपीट किए जाने की जानकारी दी.

उल्लेखनीय है कि शिक्षक शैलेंद्र चढ़ार पर कक्षा 9वीं के छात्र को होमवर्क न दिखाने के बहाने कक्ष में रोककर मारपीट करने का गंभीर आरोप है और पुलिस रिपोर्ट भी की गई.

> **प्रथम दृष्टया जांच में आरोप सही पाए गए हैं**
>
> इस मामले में पटना बुजुर्ग संकुल प्राचार्य वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रथम दृष्टया जांच में आरोप सही पाए गए हैं और इसकी जानकारी विभाग प्रमुख को दे दी है. संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई हुई है. प्राचार्य विजय पचौरी ने बताया कि जाँच रिपोर्ट का प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है बनते ही अधिकारी को सौंप देंगे. मिली जानकारी के अनुसार ऐसा भी बताया जा रहा है कि स्कूल प्रबंधन ने उक्त शिक्षक को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया है अब जाँच रिपोर्ट के बाद पुलिस कार्यवाही का इंतजार रहेगा.

### रक्तदान शिविर आयोजित

**सागर.** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ एवं 37 व्यक्तियों ने अपना रक्त परीक्षण भी कराया. आयोजन की शुरूवात संगठन की महिला नगर प्रभारी रोहणी साहू एवं उनकी बेटी शुभी साहू ने एक साथ रक्तदान कर समाज के लिये उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया. रोहणी साहू ने कहा कि रक्त की कमी के कारण हुई मृत्यु से विचलित होकर उन्हें इस रक्तदान की प्रेरणा मिली.मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है.

# समय सीमा में शिकायतें निराकृत करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक की.**

बैठक में निगम के विभिन्न विभागों की लंबित एवं प्रचलित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई. निगमायुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निराकरण निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए. उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक समाधान पर आधारित होना चाहिए इसलिए संबंधित अधिकारी स्वयं



स्थल पर पहुंचकर शिकायतकर्ता से चर्चा कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के पश्चात ही शिकायत को बंद करने की प्रक्रिया पूर्ण करें.

उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निराकरण करना ननि की प्राथमिक जिम्मेदारी है. निगमायुक्त ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

बैठक में लोककर्म विभाग, भवन एवं भूमि, प्रकाश विभाग, राजस्व, बाजार, स्वास्थ्य, जन्म-मृत्यु, पंजीयन, स्थापना, योजना शाखा, जलप्रदाय तथा सीवर प्रोजेक्ट की जानकारी ली गई.

### आज होगा व्याख्यान

**सागर.** इंटरनेट सेफर डे-2026 पर विद्यार्थियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए जागरूकता व्याख्यान 10 फरवरी 2026 को प्रात: 11:00 बजे से महाविद्यालय आईटीआई सागर के सभागार में आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी सागर द्वारा विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा. कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि वे इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करें.

# जलसंकट रोकने बेबस व बीना नदी से सिंचाई पर रोक

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. बंडा तहसील अंतर्गत नगर की पेयजल आपूर्ति के मुख्य स्त्रोत बेबस नदी तथा नगर पालिका खुरई क्षेत्र अंतर्गत पेयजल के प्रमुख स्त्रोत बीना नदी के जल भंडारण को आगामी ग्रीष्मकाल की समाप्ति तक सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए.**

उक्त आदेशानुसार बेबस नदी से ग्राम रमपुरा, खजरा, मुडिया, क्वायला एवं चौका तथा बीना नदी के दलपतपुर घाट से दानखेड़ी एवं हनौता तक निकाय इंटेकबेल के आसपास किसानों द्वारा की जा रही अवैध सिंचाई के कारण नदी का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है. इससे निकट भविष्य में ग्रीष्मकाल के दौरान बंडा एवं खुरई में भीषण पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका है. संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तहसील बंडा में बेबस नदी एवं बीना नदी से जुड़े उक्त ग्रामों के किसानों को पेयजल के अतिरिक्त किसी भी अन्य उपयोग हेतु नदी से पानी लेने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है.



# समर्पण दिवस को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. भाजपा 11 फरवरी को एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाएगी. पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस अवसर पर जिले के सभी बूथों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा.**

आयोजन की तैयारियों को लेकर सागर संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक में समर्पण दिवस पर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रणनीति बनाई गई. साथ ही, कार्यक्रमों के सफल नियोजन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए. जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि समर्पण दिवस कार्यक्रम हेतु जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है, जिसमें जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता को संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया को सह-संयोजक बनाया गया है. बैठक का संचालन आईटी विभाग संयोजक बालकिशन सोनी ने किया.

### नाबालिग लापता

**ललितपुर.** जिले के एक गांव में रहने वाली नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है. नाबालिग के अचानक घर से गायब हो जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया है. काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाना बार में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बार के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी भतीजी बिना किसी को बताए घर से चली गई. जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका. थाना बार पुलिस ने धारा 137(2) के अंतर्गत दर्ज कर ली है.

# सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

## सरकार के मंत्री के वाहन से हुआ था हादसा, क्षेत्र के लोगों ने जाम लगाया

**ललितपुर 9 फरवरी. थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने अब पूरी तरह राजनीतिक तूफान का रूप ले लिया है. हादसे में शिवेंद्र की मौके पर मौत और घायल अनुज की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत के बाद गांव में आक्रोश फैल गया.**

परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया. परिजनों का आरोप है कि हादसे में शामिल फॉर्च्युनर वाहन एक नामजद पर ठोस कार्यवाही नहीं की गयी. प्रदर्शन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, सपा नेत्री गीता



मिश्रा, विजय यादव, इंजी.हृदेश यादव मुखिया, शत्रुघन यादव, पूजा यादव बुन्देलखण्डी, नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रमोद यादव इमलिया, कांग्रेस नेता मोन्टी शुक्ला, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, भीम आर्मी के जिला प्रभारी हरपाल सिंह व जिलाध्यक्ष रमाकांत चौधरी समेत कई राजनेता मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए. बरखेरा में प्रदर्शन कर रहे लोगों की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष विश्वकर्मा, सीओ सिटी सुनील कुमार मौके पर पहुंच गये.

# भूकंप से बचाव की जानकारी देंगे ट्रेनर्स

नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. मध्यप्रदेश भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट सभा कक्ष में किया.**

मुख्य वक्ता डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ शिवानी मीणा ने कहा कि सागर जिला नर्मदा सोन घाटी भूकंप क्षेत्र के पास में स्थित होने के कारण इसकी जद में आता है क्योंकि भूकंप की भयावयता सैकड़ो किलोमीटर तक रहती है, भूकंप के विषय में न केवल हमें जानना है बल्कि स्कूलों और कॉलेज में मॉक ड्रिल के द्वारा भूकंप से बचाव



की जानकारी देनी चाहिए जैसी जापान जैसे अति संवेदनशील भूकंप वाले देशों में दी जाती है. प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय सत्र में आपने कहा कि भूकंप के बाद का सेटलमेंट बहुत कठिन और चुनौती पूर्ण होता है जो इस आपदा का शिकार होते हैं. आरती यादव संयुक्त कलेक्टर कहा प्रशिक्षण के पश्चात आप सभी जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भूकंप से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण देंगे. प्रश्न उत्तर सत्र का आयोजन किया गया.

### पूर्व निर्धारित समय से संचालित होंगी स्कूलें

**सागर 9 फरवरी.** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा पूर्व में तापमान में गिरावट होने से संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित समस्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं प्रात: 9.30 बजे से पूर्व संचालित नहीं किये जाने संबंधी आदेश जारी किया गया था. वर्तमान में शीत ऋतु का प्रभाव कम होने एवं तापमान सामान्य हो जाने से उपरोक्त आदेश को निरस्त करते हुए 10 फरवरी से विद्यालय पूर्ववत समय पर शाला संचालित कर सकेंगे.

# पार्क निर्माण के लिए भूमिपूजन



नवभारत न्यूज

**सागर 9 फरवरी. विधायक प्रदीप लारिया ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत, सबरी सरोवर के समीप 70.37 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले ग्रीन स्पेस (पार्क निर्माण) का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ.**

विधायक श्री लारिया ने कहा कि नरयावली विधानसभा का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने साझा किया कि हमारा लक्ष्य मकरोनिया को कंक्रीट के जंगल से बचाकर एक सांस लेने योग्य क्षेत्र के रूप में विकसित करना है. स्टेडियम, सरोवर और स्मारक का यह त्रिकोणीय संगम क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा. पार्क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिलेगा.